## चापाकल गाड़ना

*245. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि --

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला का अतरी विधान-सभा क्षेत्र जंगल एवं पहाड़ से घिरा होने के कारण वहां गर्मी के दिनों में जल स्तर काफी नीचे चले जाने से क्षेत्र में भयंकर पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अतरी विधान-सभा क्षेत्र में पेयजल की समस्या दूर करने के लिए कबतक चापाकल गाड़ने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

## कार्रवाई करना

*246. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत दरौली प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित पशु चिकित्सालय भवन तथा चिकित्सक एवं कर्मचारी को रहने के लिए आवास जर्जर हालत में है, यदि हां, तो सरकार इस संबंध में कबतक आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

---

## फसल बीमा देना

*247. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के लगभग सभी जिलों में वर्ष 2009 में सूखे के कारण खरीफ फसल पूर्णतः बर्बाद हो गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार के किसान वर्ष 2009 में फसल बीमा तो कराये लेकिन उन्हें अभीतक फसल बीमा का भुगतान नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूरे बिहार के किसानों को फसल बीमा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पेयजल मुहैया कराना

*248. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत अमरपुर प्रखण्ड में मई सन् 2000 में शुद्ध जल मुहैया कराने हेतु जल मीनार (पानी टंकी) का निर्माण कराया गया है, लेकिन रख-रखाव के अभाव में आजतक जल मीनार बन्द पड़ा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त बन्द पड़े जल मीनार को कबतक चालू कराकर शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

## नाला का निर्माण

*249. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर में जल निकासी के लिए नालों की उचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण बरसात में शहर की स्थिति नारकीय हो जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर को जल-जमाव की समस्या से निजात दिलाने के लिए $1\frac{1}{2}$ वर्ष पूर्व से 153 करोड़ की राशि का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (ड्रेनेज का डी०पी०आर०) विभाग में स्वीकृति हेतु लम्बित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त डी०पी०आर० की प्रशासनिक स्वीकृति देकर दरभंगा शहर को जल-जमाव से मुक्ति दिलाने हेतु नालों का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान करना

*250. श्री विक्रम कुंवर--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009 में राष्ट्रीय कृषि के बीमा योजना के अन्तर्गत किसानों को क्षतिपूर्ति का भुगतान किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि पू० चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, मुजफ्फरपुर एवं सीवान जिलों के किसानों के भुगतान पर पत्रांक 5173, दिनांक 11 फरवरी, 2010 के द्वारा रोक लगा दी गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जिलों के किसानों के भुगतान पर लगे रोक को हटाकर कबतक उन्हें भुगतान करने का विचार रखती है ?

---------

जांच केन्द्र स्थापित करना

*251. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला में एक मात्र मिट्टी जांच केन्द्र जिला मुख्यालय स्थित कृषि फार्म शोभिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला के सभी अन्य प्रखंडों में मिट्टी जांच केन्द्र नहीं रहने से किसानों को मिट्टी जांच करवाने में काफी परेशानी हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो नवादा जिला के सभी प्रखंडों में मिट्टी जांच केन्द्र स्थापित नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---------

कृषि महाविद्यालय की स्थापना

*252. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड शाहपुर में कृषि महाविद्यालय की स्थापना हेतु समाहर्त्ता, भोजपुर के पत्रांक 1400, दिनांक 21 दिसम्बर, 2009 द्वारा अनुरोध पत्र आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना को लिखा गया था एवं आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना द्वारा पत्रांक 1900, दिनांक 3 मार्च, 2010 द्वारा प्रखण्ड शाहपुर में कृषि विभाग की खाली पड़ी जमीन पर कृषि महाविद्यालय खोलने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के लिए मुख्य सचिव, बिहार तथा कृषि विभाग, पटना को लिखा गया है, यदि हां, तो कबतक सरकार उक्त जगह पर कृषि महाविद्यालय की स्थापना कराने का विचार रखती है ?

---------

कार्रवाई करना

*253. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विधान-सभा क्षेत्र सुगौली (जिला पूर्वी चम्पारण) अन्तर्गत प्रखण्ड मुख्यालय, सुगौली के परिसर में वित्तीय वर्ष (2001-02) में पेय जलापूर्ति हेतु बोरिंग चापाकल की स्थापना की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि जलमीनार (पानी टंकी) एवं पाईप लाईन इत्यादि के अभाव से पेय जलापूर्ति सम्भव नहीं हो पा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जलमीनार तथा पाईप लाईन का निर्माण कराने की दिशा में कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

किराया का भुगतान

*254. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि परियोजना कार्यालय निर्मली जिला सुपौल छः कमरों में अवस्थित है जिसका किराया मात्र एक हजार रु० है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त किराया विगत तीन वर्षों से लम्बित है, जिसका भुगतान अभीतक नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक लंबित किराया का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलापूर्ति कराना

*255. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुरकौलिया बाजार में विगत बीस वर्षों से पानी टंकी बनकर तैयार है, परन्तु विभागीय उदासीनता के चलते आजतक शुद्ध जल प्राप्त नहीं हो रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार टंकी से जलापूर्ति चालू कराने का विचार रखती है ?

---------

कार्य पूर्ण कराना

*256. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के मुख्यालय आरा शहर के विकास के लिए मुख्य मंत्री शहरी विकास योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2009-10 की उपलब्ध राशि 6 करोड़ 70 लाख रुपये एवं वर्ष 2010-11 में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार निर्धारित राशि 12 करोड़ रुपये के विरुद्ध 30 अप्रैल, 2010 को ही मुख्य मंत्री शहरी विकास जिला संचालन समिति द्वारा भोजपुर को 51 योजनाओं की स्वीकृति दी गयी जो अभीतक लम्बित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति अप्रैल, 2010 में ही प्राप्त हो गयी थी, लेकिन प्रशासनिक स्वीकृति की प्रत्याशा में निविदा एवं संबंधित सभी अग्रेत्तर कार्रवाई लम्बित है, जिसके कारण विकास का कार्य बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त राशि का उपयोग करते हुए आरा शहर के बाधित विकास कार्यों को कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

पानी टंकी चालू करना

*257. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखण्ड के रूद्रपुर में मोटर टंकी दो वर्षों से बन्द है जिसके चलते आम जनता को पानी नहीं मिल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मोटर टंकी को नये सिरे से बनाने हेतु मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने अपने पत्रांक 205, दिनांक 20 जनवरी, 2009 द्वारा विभागीय अभियंता प्रमुख को आदेश दिया था, परन्तु अभीतक टंकी चालू नहीं हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रूद्रपुर में पानी टंकी को चालू करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलापूर्ति कराना

*258. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विधायक कॉलोनी, खाजपुरा, पटना में जलापूर्ति योजना का उद्घाटन माननीय नगर विकास मंत्री के द्वारा दिनांक 8 अगस्त, 2006 में की गई थी, जिसकी प्राक्कलित राशि 36.40 लाख रुपया है;

(2) क्या यह बात सही है कि विधायक कॉलोनी में अबतक जलापूर्ति नहीं की जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विधायक कॉलोनी में जलापूर्ति कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि की वसूली

*259. श्री विनोद नारायण झा--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''50 फीसदी टैक्स की वसूली'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2010-11 में पटना नगर निगम द्वारा होल्डिंग टैक्स के रूप में 30 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया था परन्तु वित्तीय वर्ष में एक माह शेष रहने के बावजूद मात्र 50 प्रतिशत होल्डिंग टैक्स की वसूली की गई है, यदि हां, तो सरकार द्वारा होल्डिंग टैक्स की पूर्ण राशि की वसूली अभीतक नहीं कराये जाने का क्या औचित्य है ?

---------

नाला का निर्माण

*260. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दक्षिणी पटना के नये बाईपास के किनारे-किनारे मीठापुर से नन्दलाल छपरा तक कच्चा नाला पूर्णत: कारगर नहीं होने की वजह से बरसात में जल निकासी पर्याप्त रूप से नहीं होती है, जिससे इस इलाके के लोग प्रतिवर्ष बरसात में भीषण जल-जमाव झेलने को मजबूर हो जाते हैं, यदि हां, तो क्या सरकार नये बाईपास के किनारे-किनारे मीठापुर से नन्दलाल छपरा तक के कच्चे नाला को पक्का नाला के रूप में निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

मुआवजा देना

*261. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत राघोपुर एवं विदुपुर प्रखंड में नीलगाय एवं जंगली सुअर के कारण हजारों हेक्टेयर की फसल बर्बाद होती है, जिसका मुआवजा किसानों को नहीं दिया जाता है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार किसानों को कबसे मुआवजा देने का विचार रखती है ?

## जल की निकासी

*262. श्री संजय सिंह टाइगर--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कोईलवर नगर पंचायत का गठन वर्ष 1974 में हुआ था एवं जल निकासी हेतु डी0 पी0 आर0 भी वर्ष 2010 में तैयार किया गया था परन्तु आजतक जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि जल जमाव से वहां के निवासियों को वर्षात के समय काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कोईलवर नगर पंचायत में कबतक जल की निकासी करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क का निर्माण

*263. श्री व्यासदेव प्रसाद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत सिवान प्रखण्ड में ग्राम चकरा, अमलोरी, महम्मदपुर, बिन्दुसार एवं बड़हरिया प्रखण्ड के बंगरा, अनुसूचित जाति टोले में आने-जाने के लिए सड़क नहीं है, जिसके कारण इन टोलों के अनुसूचित जाति के नागरिकों के वृद्ध बीमार व्यक्तियों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक सड़क का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क का निर्माण

*264. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत एन0 एच0 31 स्थित कर्पसिया चौक से भाया नागदह होते हुए बापी चौक तक एवं डुमरी चौक से डुमरी ग्राम होते हुए बी०एम०पी०-8 पिपरा मुख्य सड़क तक सड़क की हालत अत्यन्त दयनीय है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## कार्रवाई करना

*265. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि श्री बृजलाल केडिया, वार्ड संख्या 21, अम्बेदकर चौक, गोपालगंज के मकान के तृतीय तल की छत की ढ़लाई कार्य पर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, गोपालगंज के पत्रांक 1021, दिनांक 31 अगस्त, 2009 के द्वारा रोक लगा दी गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि अपर समाहर्त्ता, गोपालगंज ने जिला पदाधिकारी के आदेश से उक्त कार्य की जांच कर अपने पत्र दिनांक 1 सितम्बर, 2010 में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, गोपालगंज से प्रतिवेदन अप्राप्त रहने, कार्य के प्रति लापरवाही बरतने एवं वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना के लिए उनके विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु अनुशंसा किया था;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री केडिया के भवन निर्माण पर अवैध ढ़ंग से रोक लगाने से संबंधित अपर समाहर्त्ता के जांच प्रतिवेदन के आलोक में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*266. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के सिरदला प्रखण्ड के खटांगी पंचायत में शुद्ध पेयजल का घोर अभाव है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित पंचायत के निवासी आज भी नदियों एवं प्रदूषित तालाबों का जल पीने को विवश है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पंचायत में शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*267. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मुरौल प्रखण्ड की मीरापुर ग्राम तथा सकरा प्रखण्ड के केशोपुर ग्राम को निर्मल ग्राम घोषित कराकर उक्त पंचायतों के मुखिया पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं, परन्तु दोनों ही ग्रामों में एक भी शौचालय का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पेयजल की आपूर्त्ति

*268. श्री श्याम बिहारी राम-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास प्रखण्ड के बकनौरा ग्राम में पानी टंकी का निर्माण वर्ष 2000 में किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त टंकी का निर्माण में बोरिंग 300 फीट के बदले 100 फीट ही गाड़ा गया है एवं बिछाया गया पानी का पाईप टूटा हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पानी टंकी को चालू कर ग्रामीणों को पेयजल की आपूर्त्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला का निर्माण

*269. श्री वृज किशोर सिंह-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर बाजार में कर्पूरी चौक से मोतीपुर बाजार हाट तक नाला का निर्माण नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर नाला नहीं रहने के कारण विगत 5 वर्षों में वहां जल जमाव रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कर्पूरी चौक से मोतीपुर बाजार तक नाला का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*270. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 31 जनवरी, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''कर्ज में बंटे अनाज नहीं मिला हिसाब'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2009-10 में कर्ज में बंटे अनाज का राज्य में हिसाब नहीं मिल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि कर्ज में बंटे अनाज राज्य के ग्यारह जिलों में बंटे हैं जिनमें से मात्र समस्तीपुर एवं सहरसा जिलों से ही उपयोगिता प्रमाण-पत्र भेजे गए हैं तथा दरभंगा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, कटिहार, पूर्वी एवं पश्चिमी चम्पारण, खगड़िया एवं भागलपुर जिलों में बंटे अनाज का आजतक उपयोगिता प्रमाण-पत्र नहीं भेजा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार इस संबंध में दोषियों के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

अनुकम्पा पर नियुक्ति

*271. श्रीमती रंजु गीता-- क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि श्री रमानन्द झा, ग्राम- नवटोल, पो०-भराम, थाना-भैरव स्थान, जिला-मधुबनी, बिहार राज्य कृषि उद्योग विकास निगम, पटना को वर्ष 1968 से कार्यरत रहते हुए कार्यावधि में प्रधान टंकक के पद पर उनकी मृत्यु दिनांक 6 फरवरी, 1998 को हो गई;

(2) क्या यह बात सही है कि स्व० झा कि पत्नी अनुराग देवी द्वारा अपने पुत्र अशोक कुमार झा को अनुकम्पा पर नियुक्ति तथा बकाये के भुगतान हेतु दिनांक 16 मई, 1998 से अभीतक प्रबंध निदेशक, कृषि उद्योग विकास निगम, उद्योग भवन, पटना को अनेकों आवेदन दिया है, लेकिन अभीतक अनुकम्पा पर नियुक्ति एवं उनके बकाये का भुगतान लम्बित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्व० झा के पुत्र को अनुकम्पा पर नियुक्ति करते हुए उनके बकाये का भुगतान शीघ्र करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*272. श्री संजय सिंह ''टाइगर''-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के संदेश विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत संदेश, उदवंतनगर एवं कोइलवर प्रखण्डों में 50 प्रतिशत चापाकलों से जल स्तर नीचे चले जाने के कारण पेयजल आपूर्त्ति नहीं हो पाती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो उक्त चापाकलों से पेयजल की आपूर्त्ति सुनिश्चित करने हेतु सरकार कबतक कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमणकारियों से मुक्ति

*273. श्री जावेद इकबाल अंसारी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मौजा तेतरहार उर्फ बेलौंचा अंचल-लखनौर, जिला-मधुबनी स्थित खाता नं० 500, खेसरा नं० 4661, रकबा 08 कट्ठा 19 धूर भूमि दरभंगा महाराज द्वारा भूदान में दी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भूमि की जाँच कराने पर तीन व्यक्तियों का अवैध दखल कब्जा पाया गया है, जिसे समाहर्त्ता, मधुबनी द्वारा दिनांक 24 जुलाई, 2010 को दिए गए आदेश के आलोक में अपर समाहर्त्ता, मधुबनी के माध्यम से अवैध अतिक्रमण को खाली कराने हेतु पत्रांक 170/जि०पू०, दिनांक 29 जुलाई, 2010 द्वारा अंचलाधिकारी, लखनौर एवं थाना प्रभारी, लखनौर को अतिक्रमणकारियों से जमीन खाली कराकर सूचित करने हेतु पत्र भेजा गया था जिसे आजतक खाली नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भूदान की जमीन अतिक्रमणकारियों से शीघ्र मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलापूर्ति करना

*274. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत सिंहेश्वर प्रखण्ड में पानी टंकी के द्वारा 6 वर्षों से जलापूर्ति की जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि सिंहेश्वर मंदिर पुल से मलिक टोला तक पानी टंकी पाईप लाईन होने के बाद भी 6 वर्षों में उक्त टोला में जलापूर्ति नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त टोलों में कबतक जलापूर्ति करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

अधूरे कार्य को पूर्ण कराना

*275. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के लैलख-मुहरन निर्माणाधीन ग्रामीण अभियंत्रण संगठन पथ से प्रशस्तडीह गांव तक जाने वाला 1.5 कि०मी० ग्रामीण पथ का निर्माण वर्ष 2000-01 में कृषि उत्पादन बाजार समिति, कहलगाँव द्वारा कराया जा रहा था;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पथ के अधूरे पड़े कार्यों को पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

---------

भवन का निर्माण

*276. श्री शैलेश कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला का जमालपुर प्रखंड कार्यालय और अंचल कार्यालय भाड़े के मकान में चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड को अपनी जमीन नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखंड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय भवन का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*277. श्री मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत श्री जलालगढ़ प्रखंड के संतोष नगर के पानी टंकी का निर्माण वर्ष 2002 में किया गया है, लेकिन अभीतक पानी टंकी को चालू नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार संतोष नगर में पानी टंकी चालू करने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, अगर हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पानी टंकी लगाना

*278. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के मोरसंड, बगाही एवं प्रेमनगर ग्राम में पानी टंकी नहीं रहने से ग्रामीणों को कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो मोरसंड, बगाही एवं प्रेमनगर ग्राम में पानी टंकी अभीतक नहीं लगाने का क्या औचित्य है तथा सरकार कबतक वहां पानी टंकी लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भौतिक एवं वित्तीय उपलब्धि बताना

*279. श्री गजानन्द शाही--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के चार प्रमुख शहरों-बेगूसराय, बक्सर, हाजीपुर एवं मुंगेर में गंगा नदी को निर्मल करने हेतु वर्ष 2010 में कुल 441.84 करोड़ रुपया बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम को उपलब्ध कराया गया है, यदि हां, तो इस कार्य में अबतक की भौतिक एवं वित्तीय उपलब्धि क्या है ?

---------

नियुक्ति करना

*280. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के अमरपुर विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत शंभुगंज प्रखंड में स्थायी पणन पदाधिकारी का पद रिक्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि पणन पदाधिकारी का पद का अतिरिक्त पदभार अंचलाधिकारी, शंभुगंज के अधीन है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बांका जिलान्तर्गत शंभुगंज प्रखंड में रिक्त पड़े पणन पदाधिकारी के पद पर नियुक्त करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*281. श्री जितेन्द्र कुमार राय--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित ''अब पानी घोटाला'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना नगर में पिछले 10 वर्षों में निगम क्षेत्र में मात्र 1777 पानी के कनेक्शन दिये गये हैं जिनमें घरेलू 1344 और गैर-घरेलू 433 कनेक्शन शामिल है;

(2) क्या यह बात सही है कि एक आकलन के अनुसार एक लाख से ज्यादा नए घर शहर में बने हैं जिससे स्पष्ट है कि घरों की संख्या में इजाफा हो रहा है;

(3) क्या यह बात सही है कि जलापूर्ति शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से लोगों को पानी के कनेक्शन तो दिए जाते हैं लेकिन रजिस्टर में दर्ज नहीं किया जाता है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अवैध कनेक्शन की जाँच कराकर पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों पर सरकार कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---------

## जलापूर्ति योजना की स्वीकृति

*282. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नगर पंचायत वारिसलीगंज में पेय जलापूर्ति पाईप लाईन मृतप्राय रहने से नगरवासियों को पेयजल का घोर संकट है;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, नवादा द्वारा पेय जलापूर्ति हेतु जल मीनार एवं पाईप लाईन का डी०पी०आर० बनाकर नगर विकास विभाग सचिवालय में स्वीकृति हेतु वर्ष 2010-11 के जून माह में भेजा गया है, परन्तु स्वीकृति नहीं मिल पायी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नगर पंचायत वारिसलीगंज में पेय जलापूर्ति योजना की स्वीकृति कबतक देने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

## राशि उपलब्ध कराना

*283. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग; यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री, बिहार सरकार द्वारा अपने विकास यात्रा के क्रम में दिनांक 8 जून, 2009 को भोजपुर जिलान्तर्गत बिहियां में इको पार्क की स्थापना की घोषणा की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहियां में पार्क निर्माण हेतु प्राक्कलन भी तैयार है परन्तु बिहियां नगर निकाय में प्राक्कलन के अनुरूप राशि अनुपलब्धता की स्थिति में अतिरिक्त राशि की मांग जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष जिला शहरी विकास अभिकरण, भोजपुर द्वारा पत्रांक 236/डूडा, दिनांक 7 मई, 2010 से प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग, पटना से की गयी है, लेकिन आजतक अतिरिक्त राशि उपलब्ध न होने की वजह से कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कबतक सरकार मांगी गयी अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराकर उक्त जगह इको पार्क की स्थापना कराने का विचार रखती है ?

---------

## सुधार करना

*284. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार बाजार में 1954 में पशु चिकित्सालय की स्थापना हुई थी और वर्तमान में यहां एक चिकित्सक तथा तीन अन्य कर्मी पदस्थापित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि यहां चिकित्सक एवं कर्मी महीने में दो-तीन बार ही आते हैं;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पशु अस्पताल की स्थिति में सुधार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आवासीय योजना से वंचित रखना

*285. श्री पवन कुमार जयसवाल--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका नगर पंचायत को समेकित शहरी गरीबी आवासीय योजना से वंचित रखा गया है, जबकि राज्य के अन्य नगर पंचायतों में समेकित शहरी गरीबी योजना चालू है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो ढाका नगर पंचायत को समेकित शहरी गरीबी आवासीय योजना से वंचित रखने का क्या औचित्य है ?

---------

भवन का निर्माण

*286. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत पताही प्रखंड एवं चिरैया प्रखंड का पशु अस्पताल के भवनहीन होने के कारण यहां कोई भी पशु चिकित्सक एवं अन्य कोई कर्मचारी कभी भी नहीं आते हैं, जिसके फलस्वरूप इस क्षेत्र के पशुओं की चिकित्सा बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में पशु चिकित्सालय का भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

---------

जल मुहैया कराना

*287. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के धमदाहा प्रखंड अधीन धरहर, संझाघाट, विष्णुपुर, बरदेला, पारसमणि तथा के० नगर प्रखंड अधीन काझा, जगनी, पोठिया, परोरा, भूड़ी, मजरा ग्रामों में लौहयुक्त पानी के कारण आमजन को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध जल मुहैया कराने के उद्देश्य से ग्रामीण जलापूर्ति योजना चलायी जा रही है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार धमदाहा तथा के० नगर प्रखंडों के उपरोक्त वर्णित ग्रामों में ग्रामीण जलापूर्ति योजनाधीन शुद्ध जल मुहैया कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*288. श्री बृज किशोर सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर बाजार में स्थित पोखर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है एवं पूरे शहर का पानी पोखर में गिरता है, जिसके कारण पोखर गंदा एवं दूषित हो गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पोखर को दूषित होने के बचाव हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना

*289. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला अन्तर्गत बाल्मीकीनगर में रहने वाले गंडक कॉलोनी के पाँच वार्ड के हजारों लोगों को पानी पीने की सुविधा नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार वहां के निवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बोरिंग का निर्माण

*290. श्री अरुण कुमार सिन्हा— क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम के अन्तर्गत स्वच्छ पेय जलापूर्ति हेतु 38 (अड़तीस) नये बोरिंग लगाने की स्वीकृति 22 अप्रैल, 2010 में दी गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित बोरिंग लगाने हेतु विभिन्न इच्छुक एजेंसियों/फर्मों से निविदायें जून, 2010 में आमंत्रित करने के बावजूद अभीतक इसका कार्यान्वयन शुरू नहीं किया जा सका है, यदि हां, तो क्या सरकार इन बोरिंगों का निर्माण शीघ्र कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

पदस्थापन करना

*291. श्री राजेश सिंह—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1)क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत धनहा में चार प्रखंड है और चारों प्रखंड में एक भी पशु चिकित्सक नहीं है, जबकि गंडक नदी के कारण किसानों की जीविका का महत्वपूर्ण साधन पशुपालन है;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडल एवं जिला मुख्यालय गंडक नदी के कारण इन चारों प्रखंडों से काफी दूर और चिकित्सक के अभाव में पशुओं की चिकित्सा कराने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन चारों प्रखंडों मधुबनी, भितहां, ठकरहां एवं पिपरासी में पशु चिकित्सक की पदस्थापना करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

जलजमाव से मुक्त करना

*292. श्री विनोद प्रसाद यादव—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला दीघा विधान सभा क्षेत्र के बाबू परकी गली पथ सं० 20 में कभी कूड़ा का उठाव नहीं होता है तथा सालों भर वहां जल जमाव की समस्या बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कूड़ा के जमाव एवं जल जमाव से उक्त पथ से जुड़े मकानों, स्कूलों, होटलों में गंदा पानी घुसा रहता है जिससे सड़ांधव बीमारी का खतरा बना रहता है;

(3)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ में कूड़ा का उठाव करने एवं जल-जमाव से लोगों को मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

व्यवस्था सुनिश्चित करना

*293. श्री पवन कुमार जयसवाल—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि --

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के ग्रामीण इलाकों में गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले गरीब लोगों को इंदिरा आवास योजना की सुविधा दिये जाने का सरकारी प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि बड़े या छोटे शहरों में बसने वाले गरीबी रेखा से नीचे वाले गरीबों को भी शहरी आवासीय योजना का प्रावधान विगत 10 वर्ष पूर्व में था जो आज उपलब्ध नहीं है;

(3)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्रामीण इलाकों की तरह शहर में बसने वाले गरीबी रेखा से नीचे वाले गरीबों को भी शहरी आवासीय व्यवस्था सुनिश्चित करने का विचार रखती है, और नहीं, तो क्यों?

निर्णय का कार्यान्वयन

*294. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह— क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर में चैनपुर एवं टंडवा प्रखंड बनाने का निर्णय सरकार द्वारा वर्ष 1999 में लिया गया था, जिस पर आजतक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है, यदि हां, तो सरकार लिये गये निर्णय का कार्यान्वयन कराना चाहती है?

----------

जमीन का अधिग्रहण

*295. डॉ० इजहार अहमद— क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखंड के बिरौल में एयरटेल टावर के निकट मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना से बने सेतु में संपर्क सड़क हेतु सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं रहने के कारण सेतु पर सुचारू रूप से आवागमन अवरुद्ध है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सेतु स्थल के लिए जमीन को अधिग्रहण करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

----------

कार्रवाई करना

*296. श्री रामानन्द राय— क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी प्रखंड स्थित बखरी बाजार के दोनों तरफ पक्का नाला के नहीं रहने से जल-जमाव रहने के कारण स्थानीय लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त बाजार के दोनों तरफ पक्का नाला का निर्माण कर जल-जमाव की निकासी हेतु कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

----------

कार्रवाई करना

*297. श्रीमती गुड्डी देवी— क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड में पानी टंकी बने 20 वर्ष हो गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड के निवासी को जलापूर्ति नहीं की जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में जलापूर्ति करने हेतु कबतक कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

----------

कार्रवाई करना

*298. श्री रामप्रवेश राय— क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि माननीय मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा दिसम्बर, 2010 में गोपालगंज प्रवास के दौरान गोपालगंज जिला के मुहम्मदपुर मोड़ पर स्थित किरासन तेल होलसेलर की जांच करने के बाद गड़बड़ी पायी गई और अनुमंडल पदाधिकारी, गोपालगंज को आदेश दिया गया कि उक्त डिपो को सील कर होलसेलर पर कार्रवाई की जाये, परन्तु अभीतक न तो डीपो सील हुआ और नहीं कोई अन्य कार्रवाई की गई, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गड़बड़ी करने वाले होलसेलर पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

कार्रवाई करना

*299. श्री नौसाद आलम-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज सहित सीमांचल के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग आयरन एवं आर्सेनिक युक्त पानी पी रहे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज तथा दिघल बैंक प्रखंडों में आयरन एवं आर्सेनिक मुक्त पानी आपूर्ति के लिये स्व-जलधारा ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजनान्तर्गत कोई भी कार्य नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो ग्रामीणों को आयरन एवं आर्सेनिक मुक्त पानी की आपूर्ति हेतु सरकार कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

----------

चापाकल चालू करना

*300. श्रीमती उषा सिन्हा— क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के थरथरी प्रखंड के धरमपुर गांव के लिए 6 बड़ा चापाकल पिछले 10 महीनों से स्वीकृत है;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक मात्र 1 चापाकल ही 50 फीट गाड़कर शेष चापाकल नहीं गाड़ा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष चापाकल को कबतक गड़वाकर उसे चालू करने का विचारी रखती है, नहीं, तो क्यों?

----------

योजना चलाना

*301. श्री सदानन्द सिंह— क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गत वर्ष से बारिश के अभाव के कारण भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंडान्तर्गत ग्राम पंचायत सिलहन, खजुरिया, तेलौंधा, समोखर, धुआवै, अरार, मदारगंज, अमडंडा बोड़ापाठकडीह एवं बाकी अन्य पंचायतों में अभी से भू-गर्भीय जल स्तर पंद्रह फीट नीचे चले जाने के कारण पेय जल संकट व्याप्त हो चुका है, यदि हां, तो उक्त पंचायतों में त्वरित योजना के तहत पेयजल जलापूर्ति हेतु सरकार कौन-सी योजना चलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक?

----------

जलापूर्ति का विस्तार

*302. श्री राजेश्वर राज— क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज अनुमंडल मुख्यालय में जलापूर्ति हेतु जलापूर्ति हेतु शहरी जलापूर्ति योजना का गठन वर्ष 1983 में हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि विक्रमगंज अनुमंडल मुख्यालय में जलापूर्ति का विस्तार वर्ष 1983 के बाद से नहीं होने के कारण आधी आबादी को जलापूर्ति से वंचित रहना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जलापूर्ति का विस्तार करने का कबतक विचार रखती है और नहीं, तो क्यों?

----------

जलापूर्ति करना

*303. श्री विनोद नारायण झा— स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक "हम पी रहे हैं गंदा पानी" के आलोक में क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजधानी के लगभग एक करोड़ से अधिक लोग अशुद्ध जल पी रहे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि जल की शुद्धता की जांच पटना शहरी क्षेत्रों में आपूर्ति करने वाले 88 जलापूर्ति केन्द्रों का है परन्तु सभी केन्द्रों पर शुद्ध क्लोरीनयुक्त पानी की आपूर्ति के लिए लगी क्लोरिनेटर मशीन कार्य नहीं कर रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी जलापूर्ति केन्द्रों में क्लोरिनेटर मशीनें ठीक कराकर शुद्ध जल आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

सड़क का अतिक्रमण

* 304. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के राजनगर प्रखंड के न्यू स्टाईल टेलर्स रामपट्टी से लेकर लक्ष्मण महतो के घर तक की सड़क को अतिक्रमण कर लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी मधुबनी ने अपने पत्रांक 2391, दिनांक 2 जून, 2009 एवं पत्रांक 2791, दिनांक 12 दिसम्बर, 2009 के द्वारा अंचलाधिकारी राजनगर, मधुबनी को शीघ्र उक्त सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराने का आदेश दिया था परन्तु आज तक उक्त सड़क को अतिक्रमण से मुक्त नहीं कराया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक, उक्त सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

-------

पशु चिकित्सालय चालू कराना

* 305. श्री रामलषण राम ''रमण''--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखण्ड के देवहार पंचायत की सहुरिया गांव में पशु चिकित्सालय कार्यरत था, जो 10 वर्ष पहले बन्द हो गया, यदि हां, तो सरकार उक्त पशु चिकित्सालय को कबतक चालू करने का विचार रखती है?

-------

पुनर्जीवित करना

* 306. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत सकरा विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत राजा पाकर खादी रचनात्मक सहकारी सहयोग समिति (खादी भंडार) दस वर्षों से बन्द है जिसके कारण मंझौलिया ग्राम के बुनकर बेरोजगार हो गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त समिति के पास राजा पाकर में एक बीघा, इसके उप-केन्द्र बेरूआ में एक बीघा, उप-केन्द्र बेझा में 5 कट्ठा भूमि उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त समिति को पुनर्जीवित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

अधिसूचित करना

* 307. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारी शरीफ प्रखंडान्तर्गत पटना बाईपास से सटे ग्राम बिशनपुर पकड़ी (पंचायत कुरथौल) के 80 प्रतिशत भू-भाग पर आवासीय कॉलोनी निर्मित हो चुका है, लेकिन उसे अभी तक पटना नगर निगम का क्षेत्र घोषित नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम से सटे सिपारा एवं दशरथा तथा बिशुनपुर पकड़ी के उत्तरी भाग जहां इंडियन ऑयल एवं भारत पेट्रोलियम का डिपो स्थापित है, को वर्ष 2000-01 में ही पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत अधिसूचित कर वहां से मकान टैक्स वगैरह की वसूली की जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अभी तक विशुनपुर पकड़ी के पूर्ण भाग को नगर निगम में अधिसूचित नहीं करने का क्या औचित्य है, तथा सरकार कबतक उसे अधिसूचित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चापाकल गाड़ना

* 308. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत मनिगाछी एवं सदर प्रखण्ड में वर्ष 2006--2010 में विधायक अनुशंसा पर प्रत्येक पंचायत में चापाकल गाड़ना था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्षों में वर्णित प्रखण्डों के पंचायतों में 40% ही चापाकल गाड़ा गया है, यदि हां, तो बाकी चापाकल गाड़ने में विलम्ब करने का क्या औचित्य है?

--------

पदस्थापित करना

* 309. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बासोपट्टी प्रखण्ड अन्तर्गत पशु चिकित्सालय में विगत तीन वर्षों से पशु चिकित्सक का पद रिक्त पड़ा हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि पशु चिकित्सक के अभाव में पशुपालक किसानों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक पशु चिकित्सक को पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

--------

अतिक्रमण मुक्त करना

* 310. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखण्ड अन्तर्गत खरौंझा ग्राम स्थित सार्वजनिक ब्रह्म स्थान के खेसरा नं०-261 की सार्वजनिक जमीन पर अतिक्रमण करके झोपड़ियां एवं दुकान बना ली गयी है, जिस कारण आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खण्ड-1 में वर्णित सार्वजनिक ब्रह्म स्थान की जमीन को कबतक अतिक्रमण मुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

कार्रवाई करना

* 311. श्री अशोक कुमार (132)--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में वर्षा की कमी की वजह से भू-गर्भीय जल स्तर काफी नीचे जाने की वजह से तालाब, पोखर, कुएं सूखने के कगार पर है;

(2) क्या यह बात सही है कि देहातों में चापाकल से पर्याप्त पानी नहीं निकल पा रहा है, जिससे पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त समस्या के निदान के लिए कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

शुद्ध पेयजल की आपूर्त्ति

* 312. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परबत्ता प्रखण्ड के बंधेरा चौक के आसपास का जल प्रदूषित तथा आयरनयुक्त होने के कारण पीने योग्य नहीं है; यदि हां, तो क्या सरकार शुद्ध पेयजलापूर्ति करने का विचार रखती है?

--------

आपूर्ति सुनिश्चित करना

* 313. डॉ० इजहार अहमद--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमंडल के किरतपुर, गौरा बौराम एवं बिरौल प्रखंड के सभी पंचायतों में गरीब, दलित एवं महादलित लोगों को लाल कार्ड तथा पीला कार्ड धारकों को अनाज एवं किरासन तेल की आपूर्ति समय पर नहीं होने से उनके समक्ष दिक्कत है, यदि हां तो सरकार शीघ्र उपर्युक्त सभी पंचायतों में समय पर अनाज एवं किरासन तेल की आपूर्ति सुनिश्चित करने का कबतक, विचार रखती है?

--------

बाजार समिति चालू करना

* 314. श्री गजानन्द शाही--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में बन्द बाजार समितियों को पुन: चालू करने हेतु वर्ष 2010 में सरकार ने सैद्धान्तिक रूप से निर्णय लिया है, यदि हां, तो सरकार उसे कबतक चालू करने का विचार रखती है?

--------

निर्माण कार्य प्रारंभ करना

* 315. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, राजस्व एंव भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत हसनगंज प्रखंड में पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य, प्रस्तावित राजस्व विभाग की जमीन के हस्तान्तरित नहीं होने के कारण प्रारंभ नहीं हो पाया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक विद्युत् बोर्ड को जमीन हस्तान्तरित कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने का इरादा रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

--------

तालाब की सफाई

* 316. श्री छेदी पासवान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत शेरशाह के शासन काल में उनके भाई सलिम शाह द्वारा सासाराम नगर के मुहल्ला तकिया में एक बहुत बड़ा तालाब का निर्माण कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक साल इस तालाब की निलामी से सरकार को लाखों रुपये का मुनाफा होता है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त तालाब का निगरानी नहीं किये जाने के कारण चारों तरफ से नाली का गन्दा पानी तालाब में गिरने से पानी गन्दा होने एवं तालाब के सतह की मिट्टी सड़कर काफी कीचड़ हो जाने के कारण गन्दा हो गया है, यदि हां तो तालाब की सफाई नहीं करने का क्या औचित्य है?

नगर परिषद् बनाना

* 317. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल नगर जिला मुख्यालय है जहां नगर पंचायत ही काम कर रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला मुख्यालय होने के नाते शहर का विस्तार हो रहा है और नगर परिषद् की अहर्त्ता पूरा करता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अरवल नगर, जिला मुख्यालय में नगर परिषद् बनाना चाहती है, यदि हां, तो कबतक?

--------

नियुक्ति करना

* 318. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लोक स्वा० अभियंत्रण विभाग में कनीय से लेकर प्रमुख अभियंता के 826 सृजित पद के विरुद्ध 518 ही कार्यरत अभियंता हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि कुल 308 अभियंताओं के पद वर्षों से रिक्त पड़े हुए हैं, जिसके कारण विकास के कार्यों में गति नहीं हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रिक्त पड़े अभियंताओं के पद पर नियुक्ति नहीं करने का क्या औचित्य है तथा सरकार उन पदों पर कबतक नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

खाद्यान्न उपलब्ध कराना

* 319. डॉ० दाउद अली--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरांव के पत्रांक 788, एवं 789, दिनांक 7 अगस्त, 2008 एवं प्रखंड आपूर्ति पदा०, नावानगर के पत्रांक 1310, दिनांक 22 नवम्बर, 2008 के द्वारा जन वितरण प्रणाली के दूकानदारों की अनुज्ञप्ति अंत्योदय योजना के तहत उठाव किये गये खाद्य सामग्री को कालाबाजारी में बेचने के आरोप में रद्द कर दी गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त रद्द किये गये अनुज्ञप्तिधारियों से उठाव किये गये खाद्यान्नों के रिकभरी एवं उनपर कार्रवाई किये बगैर पुनः तीन माह बाद अनुज्ञप्ति बहाल कर दी गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त अनुज्ञप्ति को पुनः बहाल करने में की गयी अनियमितता की जांच कर अंत्योदय योजना के लाभार्थियों को समुचित खाद्यान्न उपलब्ध कराने का विचार रखती है, अगर हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

रसीद की छपाई

* 320. श्री अख्तरूल ईमान--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में मालगुजारी रसीद की छपाई विगत दो वर्षों से नहीं हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि अंचल/हल्का कर्मचारी कार्यालय द्वारा हाल साल मालगुजारी रसीद नहीं मिलने के कारण किसान कृषि ऋण तथा अनुदानित दर पर कृषि यंत्र पाने से वंचित हो जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो मालगुजारी रसीद छपाई नहीं करने का क्या औचित्य है तथा सरकार कबतक इसे छपवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

पानी टंकी चालू करना

*321. श्री मो० आफाक आलम-क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि --

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के नगर पंचायत में पानी टंकी का निर्माण वर्ष 2003 में हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नगर पंचायत में पूरे वार्ड में पाईप लाईन उक्त वित्तीय वर्ष में कर दिया गया था, लेकिन अभीतक पानी टंकी को चालू नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त नगर पंचायत में पानी टंकी चालू करने का विचार रखती है, अगर हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

राशि का प्रावधान

*322. श्री तार किशोर प्रसाद--क्या मंत्री, बीस-सूत्री कार्यक्रम विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रखंड बीस-सूत्री समिति की बैठक का आयोजन करने हेतु खर्च के लिए राशि का प्रावधान नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि खर्च के लिए राशि का प्रावधान नहीं होने के कारण बैठक के संचालन में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखंड स्तरीय बीस-सूत्री बैठकों के संचालन हेतु खर्च के लिए राशि का प्रावधान करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ब्याज देना

*323. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज केन्द्रीय सहकारिता अधिकोष (बैंक) पैक्स सदस्यों द्वारा जमा हिस्सा-पूंजी पर कोई ब्याज नहीं देता है;

(2) क्या यह बात सही कि उक्त जमा राशि से बैंक अपना व्यवसाय करता है और मुनाफा कमाता है और गरीब सदस्य किसान ब्याज से वंचित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो पैक्स सदस्यों द्वारा जमा हिस्सा पूंजी पर उन्हें ब्याज नहीं देने का क्या औचित्य है तथा सरकार कबतक, उन्हें ब्याज देने का विचार रखती है ?

--------

भवन का निर्माण

*324. श्री सचिन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत संग्रामपुर प्रखंड में अंचल कार्यालय भवन नहीं है जिसके कारण राजस्व एवं विकास कार्यों में काफी कठिनाइयां होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

शुद्ध पेयजल की स्वीकृति

*325. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिले के पोझी बुजुर्ग ग्राम में ग्रामीण जलापूर्ति योजना का प्रस्ताव वर्ष 2007 में ही दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्य अभियंता (नागरिक) के ज्ञापांक 6/ज० 2-1064/07-1021, दिनांक 7 दिसम्बर, 2007 के आलोक में प्राक्कलन की त्रुटि में सुधार कर कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, छपरा के पत्रांक 308, दिनांक 26 फरवरी, 2008 द्वारा मुख्यालय को समर्पित किया जा चुका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त ग्राम में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत शुद्ध पेयजल हेतु स्वीकृति देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*326. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भारतीय खाद्य निगम, हाजीपुर द्वारा बिस्कोमान के गोदाम में दो माह पूर्व 56 लाख रु० के चावल एवं गेहूं की खरीद की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि खरीद की गयी इन अनाजों का उठाव नहीं किया गया है, जिससे वे सड़ने लगे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसके लिए दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

जलापूर्ति कराना

*327. श्री अशोक कुमार-क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत रोसड़ा प्रखण्ड परिसर, कामेश्वर नगर (शिवाजीनगर प्रखण्ड) में पेय जलापूर्ति हेतु कार्य का सम्पादन हो जाने के बावजूद भी जलापूर्ति शुरू नहीं की गयी है, यदि हां, तो सरकार कबतक जलापूर्ति शुरू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बीमा राशि का भुगतान

*328. श्री रामानन्द राम--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी एवं गढ़पुरा प्रखंड के किसानों को वर्ष 2009 के फसल बीमा की राशि अभीतक नहीं मिल सकी है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009 में बेगूसराय जिला सम्पूर्ण सूखाग्रस्त जिला घोषित हो चुका था;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त प्रखंड के किसानों को बीमा राशि का भुगतान सरकार कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पेयजल मुहैया कराना

*329. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के सिरदल्ला प्रखण्ड मुख्यालय में पानी टंकी विगत चार वर्षों से बनकर तैयार है, परन्तु अभीतक पानी टंकी में स्थानीय नागरिकों को पाईप कनेक्शन से नहीं जोड़ा गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार निर्मित पानी टंकी से पाईप कनेक्शन कर पेयजल मुहैया कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन की मरम्मती

*330. श्री राम लषण राम ''रमण''--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखण्ड मुख्यालय में हाट के मध्य भाग में 20 वर्षों पूर्व पेयजल आपूर्ति योजना के अन्तर्गत पानी टंकी और भवन बनकर तैयार हुआ जो अबतक चालू नहीं हुआ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन के जर्जर होने से उसके गिर जाने की प्रबल संभावना है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक जर्जर भवन की मरम्मती करने तथा जलापूर्ति को चालू करने का विचार रखती है ?

पटना:
दिनांक 3 मार्च, 2011 (ई०)।

गिरीश झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा।

बि०स०मु० (एल० ए०), 124-डी०टी०पी०-450